
Since 1947
78 Years of Excellence



# विवरणिका
# Prospectus
# 2025-26

## शैक्षिक पाठ्यक्रम
## (Academic Programmes)

**बी.ए. (B.A.), बी.कॉम. (B.Com.), बी.एससी. (B.Sc.)**
**एम.ए. (M.A.), एम. कॉम. (M.Com.), एम.एससी. (M.Sc.)**
**बी.एड. (B.Ed.), पीएच.डी. (Ph.D.)**



# सतीश चन्द्र कॉलेज, बलिया

# Satish Chandra College, Ballia


**Affiliated to Jananayak Chandrashekhar University & Recognised by UGC under 2f and 12(B)**
**Address: Satish Chandra College Chauraha, Ballia -277001, Uttar Pradesh, Bharat**
**Email : sccollege1947@gmail.com Website : www.sccollege.in**
**Admission Portal : onlinesccollege.in**

## Satish Chandra College, Ballia

### Vision

Satish Chandra College is committed to the pursuit of excellence in higher education to develop compassionate, capable and responsible citizens for building an equitable and just society.

### Mission

- To empower people by providing access to higher education.
- To encourage students to pursue excellence in all fields of learning.
- To enable students to acquire humanism with scientific temper and outlook.
- To excite students to inculcate in them Indian culture, values and ethics.
- To endeavour for all round development of students to make them self-reliant and responsible citizens.
- To make students aware of their rights and responsibilities to build an egalitarian society.
- To inspire students to acquire the modern skills and knowledge which are global in perspective and local in relevance.

### Motto

The motto of the College is "*Mukhya Metasya Karunyam*'. It means that the principal aim of education/life is compassion.
It is derived from "*Mukhyam Tasya Hi Karunyam*", the 49th verse of Shandilya's *Bhakti Sutra* where it is described that the principal cause for His Birth and Actions on earth is indeed, His Compassion.

# अनुक्रमणिका

01. परिचय
02. उपलब्ध पाठ्यक्रम (Available Programmes)
03. प्रवेश की समय-सारिणी (Schedule of Admission)
04. प्रवेश हेतु पंजीकरण शुल्क (Registration Fee for Admission)
05. प्रवेश का आधार (Basis of Admission)
06. प्रवेश प्रक्रिया (Process of Admission)
07. प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरने में सावधानियाँ
08. प्रवेश हेतु नियम एवं निर्देश (Rules and Instructions for Admission)
09. प्रवेश हेतु आरक्षण व्यवस्था
10. प्रवेश हेतु अधिभार (Weightage)
11. महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर महाविद्यालय में संचालित संकायवार विषयों की सूची
12. स्नातक स्तर पर अभ्यर्थी द्वारा लिए जाने वाले विषय / पेपर
13. स्नातक स्तर पर महाविद्यालय में संचालित वोकेशनल कोर्सेज की सूची
14. स्नातक स्तर पर महाविद्यालय में संचालित कोरिकुलर कोर्सेज की सूची
15. स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित संकायवार कार्यक्रमों / विषयों का विवरण
16. स्नातकोत्तर स्तर पर माइनर इलेक्टिव पेपर
17. विद्यार्थियों हेतु नियम व निर्देश (Rules and regulations for students)

## 1. परिचय

सतीश चन्द्र कॉलेज की स्थापना वर्ष 1947 में हुई। इसकी स्थापना का श्रेय महंत सतीश चन्द्र गिरि को जाता है, जो बंगाल प्रांत के हुगली ज़िले में स्थित तारकेश्वर मठ के महंत थे। उल्लेखनीय है कि बलिया के द्वाबा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दूबे छपरा गाँव के मूल निवासी महंत सतीश चन्द्र गिरि के प्रयासों से वर्ष 1915 में 'एंग्लो वैदिक पाठशाला' की स्थापना हुई। महंत सतीश चन्द्र ने ही इस संस्था के निर्माण और इसकी प्रगति के लिए एक लाख रुपए का दान दिया। उसी दानराशि से पाठशाला के भवन-निर्माण का कार्य शुरू हुआ, जिसका शिलान्यास युक्त प्रांत (यू.पी.) के तत्कालीन लेफ़्टिनेंट-गवर्नर सर जेम्स मेस्टन (1865-1943) के हाथों सम्पन्न हुआ, जो वर्ष 1912 से 1918 तक युक्त प्रांत के लेफ़्टिनेंट-गवर्नर रहे थे।

पाठशाला का भवन निर्माण सम्बन्धी कार्य महंत सतीश चन्द्र गिरि द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि पंडित महावीर मिश्र की कुशल देखरेख में पूरा हुआ। स्थापना के आठ वर्षों के बाद वर्ष 1923 में इस पाठशाला को पूर्व माध्यमिक कक्षाओं की मान्यता मिली। महंत सतीश चन्द्र गिरि की माता श्रीमती लक्ष्मीराज देवी के नाम पर इस संस्था का नाम 'लक्ष्मीराज देवी मेस्टन एंग्लो वैदिक स्कूल' रखा गया। वर्ष 1929 में छात्रों के रहने के लिए 'एल.डी. मेस्टन हाईस्कूल हॉस्टल' नाम से छात्रावास भी खोला गया। वर्ष 1942 में इस संस्था को इंटरमीडिएट की मान्यता मिली और इसके साथ ही यह संस्था 'लक्ष्मीराज देवी मेस्टन इण्टर कॉलेज' में परिणत हो गई। बलिया के ज़िलाधिकारी इस कॉलेज की प्रबंध समिति के पदेन अध्यक्ष होते थे।उक्त प्रबंध समिति ('एल.डी. मेस्टन स्कूल सोसाइटी') में कुल 21 सदस्य होते थे। जिनमें छह आजीवन सदस्य, तेरह निर्वाचित सदस्य और ज़िलाधिकारी व प्राचार्य पदेन सदस्य होते थे।

वर्ष 1935 में पंडित महावीर मिश्र की स्मृति में उनके पुत्र पंडित काशीनाथ मिश्र (ऑनरेरी मुंसिफ़ और असिस्टेंट कलेक्टर) द्वारा स्कूल के 'महावीर ब्लॉक' का निर्माण कार्य आरम्भ किया गया। जिसका शिलान्यास 6 अक्टूबर, 1935 को बलिया के कलेक्टर व ज़िला मजिस्ट्रेट राय बहादुर पंडित शिव करण नाथ मिश्र द्वारा किया गया। 'महावीर ब्लॉक' का निर्माण कार्य पाँच वर्षों में पूरा हुआ और 5 मई, 1940 को नवनिर्मित 'महावीर ब्लॉक' का उद्घाटन बलिया के तत्कालीन कलेक्टर व ज़िला मजिस्ट्रेट जे. निगम द्वारा किया गया। महाविद्यालय के रसायन व भौतिकी विभाग वर्तमान में इसी ब्लॉक में स्थित हैं।

वर्ष 1947 में, जिस वर्ष भारत को स्वतंत्रता मिली, उसी वर्ष आगरा विश्वविद्यालय से सतीश चन्द्र कॉलेज के रूप में इस संस्था को बी.ए. पाठ्यक्रम की मान्यता मिली। संस्कृत के प्रकांड विद्वान आचार्य सीताराम चतुर्वेदी (1907-2005) सतीश चन्द्र कॉलेज के पहले प्राचार्य बने। उन्हीं के द्वारा महाविद्यालय में छात्रसंघ, छात्र संसद और विभिन्न परिषदों का गठन किया गया। वर्ष 1957 में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के अंतर्गत गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद सतीश चन्द्र कॉलेज गोरखपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हो गया। वर्ष 1958 में महाविद्यालय को बी.एस-सी. (गणित एवं जीव विज्ञान) की मान्यता मिली। इसके दो वर्ष बाद महाविद्यालय को बी.एड. पाठ्यक्रम की मान्यता मिली। इसी क्रम में, वर्ष 1970 में महाविद्यालय को हिंदी, राजनीतिशास्त्र एवं गणित विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की मान्यता मिली। उसी वर्ष इंटर की कक्षाओं को अलग करके लक्ष्मीराज देवी इंटर कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया गया। इसके एक वर्ष बाद 1971 में

समाजशास्त्र एवं रसायन विज्ञान विषयों में भी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की मान्यता प्राप्त हुई। वर्ष 1988 में महाविद्यालय में 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय' का अध्ययन केंद्र स्थापित हुआ। गोरखपुर विश्वविद्यालय के बाद महाविद्यालय क्रमशः पूर्वांचल विश्वविद्यालय एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से भी सम्बद्ध रहा। दिसम्बर 2016 में जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया की स्थापना के साथ ही महाविद्यालय जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है।

## 2. उपलब्ध पाठ्यक्रम / कार्यक्रम (Available Programmes)

| क्र० | पाठ्यक्रम / कार्यक्रम (Programme) | प्रवेश हेतु अर्हता (Eligibility for Admission) | उपलब्ध सीटें |
|---|---|---|---|
| | स्नातक (UNDER GRADUATE) | | |
| 1 | बी.ए. | इण्टरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण | 840 |
| 2 | बी.एस-सी. (गणित वर्ग) | गणित, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान / कंप्यूटर विषयों से इण्टरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण | 240 |
| 3 | बी.एस-सी. (जीव विज्ञान वर्ग) | जीव विज्ञान वर्ग से इण्टरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण | 120 |
| 4 | बी. कॉम* | वाणिज्य वर्ग / कला वर्ग (अर्थशास्त्र विषय के साथ) / विज्ञान वर्ग (गणित अथवा जीव विज्ञान विषय के साथ) से इण्टरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण | 240 |
| | परास्नातक (POST GRADUATE) | | |
| 1 | एम. कॉम* | वाणिज्य वर्ग के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 60 |
| 2 | एम.ए. - हिन्दी | हिन्दी विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 60 |
| 3 | एम.ए. - अंग्रेजी* | अंग्रेजी विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 60 |
| 4 | एम.ए. - समाज शास्त्र | समाजशास्त्र विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 60 |
| 5 | एम.ए. - राजनीति विज्ञान | राजनीति विज्ञान विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 60 |
| 6 | एम.ए. - दर्शन शास्त्र* | दर्शन शास्त्र विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 60 |
| 7 | एम.ए. - भूगोल* | भूगोल विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 30 |
| 8 | एम.ए. - शिक्षा शास्त्र* | शिक्षा शास्त्र विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 30 |
| 9 | एम.ए. - रक्षा एवं सामरिक अध्ययन* | रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 30 |
| 10 | एम.एस-सी. - रसायन विज्ञान | रसायन विज्ञान विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 30 |
| 11 | एम.एस-सी. - भौतिकी* | भौतिक विज्ञान विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 30 |
| 12 | एम.एस-सी. - वनस्पति विज्ञान* | वनस्पति विज्ञान विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 30 |
| 13 | एम.एस-सी. - गणित | गणित विषय के साथ स्नातक उत्तीर्ण | 60 |

* स्ववित्तपोषी योजना के अन्तर्गत संचालित

## 3. प्रवेश की समय सारिणी (Schedule of Admission)

| | |
|---|---|
| 1. आनलाइन आवेदन की प्रारम्भ तिथि | 10 मई 2025 |

| | |
|---|---|
| 2. स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 30 जून 2025 |
| 3. स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु मेरिट सूची का प्रकाशन तिथि | जुलाई के द्वितीय सप्ताह में सम्भावित |
| 4. स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु काउन्सलिंग प्रारम्भ तिथि | जुलाई के द्वितीय सप्ताह में सम्भावित |

नोटः उक्त तिथियां सम्भावित तिथियां हैं। महाविद्यालय द्वारा इनमें परिवर्तन किया जा सकता है। स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु सूचनाएं एवं अन्य प्रवेश सम्बन्धी सूचनाएं महविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.onlinesccollege.in पर अथवा महाविद्यालय की वेबसाईट www.sccollege.in पर दी जाएंगी। अभ्यर्थी इनका निरन्तर अवलोकन करते रहें।

## 4. प्रवेश हेतु पंजीकरण शुल्क (Registration Fee for Admission)

सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु पंजीकरण शुल्क रु. 250/- निर्धारित किया गया है।

## 5. प्रवेश का आधार (Basis of Admission)

स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश योग्यता प्रदायी परीक्षा में प्राप्त अंको में अधिभार (यदि कोई हो) को जोड़ने के पश्चात मेरिट सूची बनाकर किया जाएगा।

## 6. प्रवेश प्रक्रिया (Admission Process)

A. स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म भरा जाएगा।

B. ऑनलाइन फार्म भरने हेतु महविद्यालय के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल www.onlinesccollege.in पर सीधे जाएं। अथवा, महाविद्यालय की वेबसाईट www.sccollege.in के Admission टैब के माध्यम से जाएं।

C. रजिस्ट्रेशन फॉर्मः ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर Fill Registration Form पर क्लिक करें। Programme Type, Programme, Semester / Year, Name, Father's Name, Mother's Name, Date of Birth, अपना Mobile Number (आधार से लिंक्ड मोबाइल नम्बर) और अपना Email ID भरें। और, Pay Now पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन फीस जमा करें। फीस जमा करने के बाद प्राप्त **Transaction ID** को नोट कर लें।

D. एडमिशन फॉर्मः ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर Fill Admission Form पर क्लिक करें। Transaction ID और Mobile Number भरकर Continue पर क्लिक करें। ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म खुल जाएगा। अपना Personal Details, Academic Details, Weightage Claimed, आदि भरें। Photo और Signature अपलोड करें। अब अपना ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म Submit कर दें । एडमिशन फॉर्म प्रिंट करें और सुरक्षित रख लें। एडमिशन फॉर्म पर अंकित **Registration Number** को नोट कर लें।

E. काउंसिलिंगः मेरिट सूची का अवलोकन करें। मेरिट लिस्ट में नाम आने पर ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर Student Login पर क्लिक करें और अपना Registration Number और Date of Birth भर कर अपना काउंसिलिंग लेटर प्रिन्ट कर लें। समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं। काउंसिलिंग की निर्धारित तिथि और समय पर प्रिंटेड एडमिशन फॉर्म और काउंसिलिंग लेटर के साथ स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) एवं चरित्र प्रमाण पत्र (सी.सी.) की मूल प्रतियों और समस्त वांछित अंकपत्रों और प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों को संलग्न कर एक नवीनतम

पासपोर्ट साइज फोटो के साथ महाविद्यालय में उपस्थित हों। आरक्षण का लाभ लेने हेतु शासन के निर्धारित मानक के अनुसार जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। वेरीफिकेशन हेतु सभी अंकपत्रों और प्रमाणपत्रों की मूल प्रति भी साथ लेकर आएं।

F. शुल्कः काउन्सिलिंग के उपरान्त अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर मैसेज भेजा जाएगा। मैसेज प्राप्त होने के बाद ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के Student Login पर क्लिक करें और अपना Registration Number और Date of Birth भर कर शुल्क जमा कर देंगे। यदि किसी कारणवश मैसेज प्राप्त नहीं होता है तो भी अभ्यर्थी महविद्यालय के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के Student Login पर क्लिक करें और अपना Registration Number और Date of Birth भर कर शुल्क जमा कर दें। शुल्क जमा हो जाने पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है।

## 7. प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरने में सावधानियाँ

A. अभ्यर्थी अपना आधार से लिंक्ड मोबाइल नम्बर ही अंकित करें। यह प्रवेश, छात्रवृत्ति, विश्वविद्यालय की परीक्षा, एबीसी/अपार आईडी, स्टूडेंट लॉगिन, आदि कार्यों हेतु आवश्यक है। गलत मोबाइल नम्बर होने पर ओटीपी एवं सूचनाएं प्राप्त न होने की दशा में ये सभी कार्य बाधित हो जाएंगे।

B. अभ्यर्थी अपना नाम, माता का नाम, पिता का नाम और अपनी जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार भरेंगे। जन्मतिथि गलत होने पर आगे की प्रक्रिया बाधित हो सकती है।

C. एडमिशन फार्म Submit करने के पश्चात कोई सुधार संभव नहीं होगा। अतः सबमिट से पूर्व अभ्यर्थी स्वयं सुनिश्चित हों कि भरी गई समस्त प्रविष्टियां सही है।

D. गलत प्रविष्टियों के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

## 8. प्रवेश हेतु नियम एवं निर्देश **(Rules and Instructions for Admission)**

A. प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन फार्म भरा जाएगा।

B. अपूर्ण / त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

C. स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश योग्यता प्रदायी परीक्षा में प्राप्त अंको में अधिभार (यदि कोई हो) को जोड़ने के पश्चात मेरिट सूची बनाकर किया जाएगा।

D. प्रवेश प्रक्रिया राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की प्रवेश नियमावली के आधार पर सम्पन्न होगी।

E. प्रवेश हेतु काउंसलिंग के समय अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन फार्म की एक प्रति को मेरिट सूची के आधार पर निर्गत काउन्सिलिंग लेटर, एक नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate) की मूल प्रति, चरित्र प्रमाण पत्र (Character Certificate) की मूल प्रति एवं अपेक्षित समस्त अंक पत्रों / प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ संलग्न कर लें आएंगे।

F. काउन्सिलिंग के समय संलग्न छायाप्रतियों के मूल प्रमाण पत्रों को लेकर आना अनिवार्य होगा।

G. अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण किये अभ्यर्थी को प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) भी जमा करना अनिवार्य होगा।

H. काउंसिलिंग की निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थन स्वतः निरस्त हो जाएगा।

I. काउन्सिलिंग के उपरान्त अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर मेसेज भेजा जाएगा। मेसेज प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर अभ्यर्थी को शुल्क जमा करना होगा अन्यथा कि स्थिति में प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।
J. यदि किसी कारणवश मैसेज प्राप्त नहीं होता है तो भी अभ्यर्थी महविद्यालय के आनलाइन प्रवेश पोर्टल www.onlinesccollege.in पर जाकर शुल्क का भुगतान आनलाइन कर सकते हैं।
K. शुल्क भुगतान निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कन्फर्म होना चाहिए । यदि आपका पेमेन्ट सफल हो जाता है किन्तु निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कन्फर्म नहीं होता है तो आपका आवेदन निरस्त माना जाएगा।
L. प्रवेश हेतु अधिकतम तीन वर्ष का अन्तराल अनुमन्य है। अतः वर्ष 2022 के पूर्व इण्टमीडिएट / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी किसी भी स्नातक कक्षा में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु पात्र नहीं होंगे और वर्ष 2022 के पूर्व स्नातक / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी किसी भी स्नातकोत्तर कक्षा में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु पात्र नहीं होंगे।
M. अन्तराल वर्ष वाले अभ्यर्थी के लिए शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य है । शपथ पत्र इस आशय का होगा कि अभ्यर्थी ने अन्तराल वर्ष / वर्षों में कहीं प्रवेश नहीं लिया था और न ही अनुचित साधन प्रयोग में दंडित किया गया था।
N. एक वर्ष के अन्तराल पर 2% एवं दो/तीन वर्ष के अन्तराल पर 5% अंकों की कटौती की जाएगी।
O. स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को सम्बन्धित विषय में स्नातक कक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।
P. प्रवेश प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत आरक्षण नियमों के अन्तर्गत सम्पन्न होगी। आरक्षण का लाभ केवल उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों को ही मिलेगा । आरक्षण का लाभ लेने हेतु अभ्यर्थी को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार जाति प्रमाण पत्र मूल रूपमें प्रस्तुत करना होगा।
Q. आरक्षित सीटें रिक्त रहने पर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा नियमानुसार भरी जाएंगी।
R. विषयों का आवंटन उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा।
S. अलग-अलग संकायों / विषयों हेतु अलग-अलग आवेदन करना होगा। विषय परिवर्तन या संकाय परिवर्तन किसी भी दशा में सम्भव नहीं होगा और न ही प्रवेश शुल्क आदि का समायोजन किया जाएगा।
T. किसी भी छात्र को एक साथ दो नियमित एवं एक ही समय पर संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
U. प्रवेश लेते समय यदि एक स्थान रिक्त हो और दो या अधिक अभ्यर्थियों के अंक बराबर हों तो जन्मतिथि में वरिष्ठ छात्र का प्रवेश लिया जाएगा।
V. किसी विदेशी छात्र का प्रवेश जनपद के पुलिस अधीक्षक की अनापति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के पश्चात ही लिया जा सकता है।
W. महाविद्यालय में किसी छात्र का प्रवेश नियमों के विरूद्ध होने अथवा गलत तथ्यों के आधार पर होने की स्थिति में प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा एवं इस दशा में भी जमा शुल्क वापस नहीं होगा।
X. विश्वविद्यालय अधिनियमों के अनुसार प्रवेश संबंधी निर्णय का अंतिम अधिकार महाविद्यालय के प्राचार्य का है। वह किसी को भी बिना किसी कारण का उल्लेख किए उसके प्रवेश को अस्वीकृत कर सकते हैं।

## 9. प्रवेश हेतु आरक्षण व्यवस्था

A. ऊर्ध्वाधर आरक्षण (Vertical Reservation)

अनुसूचित जाति (SC) के लिए 21%, अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए 2% तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के लिए 27% स्थान आरक्षित हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय जाति का मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 03 वर्ष से पूर्व निर्गत जाति प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा। आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं अभ्यार्थियों को मिलेगा जो उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासी हो।

B. क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation)

a. दिव्यांग अभ्यर्थियों को सभी श्रेणियों (दृष्टि हीन / कम दृष्टि/ श्रवण हास एवं पालन निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात) के लिए पृथक-पृथक 01% स्थान कुल 03% स्थान संबंधित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है । दिव्यांग अभ्यर्थीयों को आरक्षण उनकी दिव्यांगता का परीक्षण करने के उपरान्त दिव्यागता 60% या 60% से अधिक होने की स्थिति में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत किया गया प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा ।

b. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों के लिए कुल 02% सीट सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है ।

c. उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त अथवा अपंग अथवा युद्ध में शहीद रक्षा कर्मियों अथवा उत्तर प्रदेश में तैनात रक्षा कर्मियों के पुत्र - पुत्रियों अथवा जिनके माता/पिता अथवा पति/पत्नी पुलिस या पी०ए०सी० या बी०एस०एफ० या एस०एस०बी० या आई०टी०बी०पी० या सी०आर०पी०एफ० या अन्य अर्द्ध सैनिक बल या होमगार्ड्स में सेवारत हों या सेवानिवृत्त, अपंग या मृत हों को प्रत्येक पाठ्यक्रमानुसार समस्त प्रवेश सीटों का अधिकतम 5% स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है।

d. महिला अभ्यर्थियों हेतु 20% स्थान सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित होगा। महिलाओं के कुल आरक्षित सीट संख्या में से 02% सीट विधवा / तलाकशुदा महिलाओं को सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार रक्षित होगा।

e. उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 14 मार्च, 2019 के अनुपालन में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम 10% आरक्षण अनुमन्य होगा।

f. सतीश चन्द्र कॉलेज, बलिया के कर्मियों (शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक) के आश्रितों (यथा-पत्नी, पति, पुत्र, पुत्री) के लिए 5-5% स्थान (कुल 10% स्थान) सम्बन्धित संवर्ग में श्रेणीवार आरक्षित है।

## 10. प्रवेश हेतु अधिभार **(Weightage)**

| विवरण | भारांक |
|---|---|
| (A) खेलकूद हेतु अधिभार | |
| 1) एकल प्रतियोगिता (राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय) | 15 |
| 2) समूह प्रतियोगिता (राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय) | 10 |
| 3) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता | 10 |
| 4) जनपदीय / अन्तरजनपदीय प्रतियोगिता | 05 |
| (B) नेशनल कैडिट कोर / राष्ट्रीय सेवा योजना / स्काउट गाइड हेतु अधिभार | |
| 1) नेशनल कैडिट कोर में (सी) प्रमाण पत्र | 15 |
| 2) नेशनल कैडिट कोर में (बी) प्रमाण पत्र | 10 |
| 3) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा एवं 2 विशेष शिविर में प्रतिभाग | 15<br>10 |

| | |
|---|---|
| 4) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा एवं 1 विशेष शिविर में प्रतिभाग<br>5) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 240 घण्टे की सेवा<br>6) स्काउट / गाइड्स अथवा रोवर्स / रेन्जर्स का राष्ट्रपति पुरस्कार<br>7) स्काउट / गाइड्स अथवा रोवर्स / रेन्जर्स का राज्यपाल पुरस्कार<br>8) स्काउट / गाइड्स का तृतीय सोपान अथवा रोवर्स / रेन्जर्स का निपुण प्रमाण पत्र | 05<br>15<br>10<br>05 |
| (C) सतीश चंद्र कालेज, बलिया से उत्तीर्ण स्नातक हेतु अधिभार | 10 |

नोटः अधिकतम अधिभार केवल 25 ही देय होगा। सतीश चंद्र कॉलेज से उत्तीर्ण स्नातक हेतु अधिभार इसके अतिरिक्त होगा।

## 11. महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संकायवार संचालित विषयों की सूची

| भाषा संकाय | कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय | विज्ञान संकाय | वाणिज्य संकाय |
|---|---|---|---|
| 1. हिन्दी<br>2. अंग्रेजी<br>3. संस्कृत | 1. प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति<br>2. अर्थशास्त्र<br>3. इतिहास (मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास)<br>4. समाज शास्त्र<br>5. राजनीति विज्ञान<br>6. रक्षा एवं सामरिक अध्ययन<br>7. शिक्षाशास्त्र (प्रायोगिक)<br>8. मनोविज्ञान (प्रायोगिक)<br>9. दर्शनशास्त्र<br>10. भूगोल (प्रायोगिक)<br>11. गृह विज्ञान* (प्रायोगिक)<br>12. शारीरिक शिक्षा* (प्रायोगिक) | 1. गणित<br>2. भौतिक विज्ञान<br>3. रसायन विज्ञान<br>4. प्राणि विज्ञान<br>5. वनस्पति विज्ञान | 1. बी.कॉम |

* स्ववित्तपोषी योजना के अन्तर्गत संचालित

## 12. स्नातक स्तर पर अभ्यर्थी द्वारा लिए जाने वाले विषय / पेपर

अभ्यर्थी को कुल पांच विषय / पेपर लेना है :

1) मुख्य विषय (Major Subject) 1
2) मुख्य विषय (Major Subject) 2
3) गौड़ विषय (Minor Subject)
4) व्यावसायिक कोर्स (Vocational Course)
5) सह-पाठ्यचर्या कोर्स (Co-Curricular Course)

नोट-

- अभ्यर्थी को प्रवेश के समय अपनी शैक्षणिक अर्हतानुसार एक संकाय (कला संकाय / विज्ञान संकाय / वाणिज्य संकाय) का चयन करना है।

- उसे उस संकाय के दो मुख्य विषयों (Major Subjects) का चयन करना है। यह संकाय विद्यार्थी का अपना संकाय (Own Faculty) कहलाएगा।
- तीसरा गौड़ विषय (Minor Subject) अपने संकाय से ही लिया जा सकता है। माइनर विषय केवल प्रथम एवं तृतीय सेमेसटेर मे लेना है।
- वोकेशनल कोर्स प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेसटेर में एक-एक (कुल तीन) लेना है।
- कोकरिकुलर कोर्स प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में एक-एक (कुल चार) लेना है।

## 13. स्नातक स्तर पर संचालित वोकेशनल कोर्सेज की सूची

| | |
|---|---|
| Semester I | Organic Farming or<br>Principles and Practice of Insurance |
| Semester II | Agribusiness Management<br>Advertising and Sales Management |
| Semester III | Community Science or<br>Food and Nutrition Science |

## 14. स्नातक स्तर पर संचालित कोकरिकुलर कोर्सेज की सूची

| | |
|---|---|
| Semester I | प्रयोजन मूलक हिन्दी or<br>First Aid And Health |
| Semester II | Basics of English Grammar or<br>Human Value and Environmental Studies |
| Semester III | Communication Skills or<br>Physical Education and Yoga |
| Semester IV | Indian Knowledge System or<br>Social Responsibility and Community Engagement |

## 15. स्नातकोत्तर स्तर पर संकायवार संचालित कार्यक्रमों / विषयों का विवरण

| भाषा संकाय | कला मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय | विज्ञान संकाय | वाणिज्य संकाय |
|---|---|---|---|
| 1. हिन्दी<br>2. अंग्रेजी* | 1. राजनीति विज्ञान<br>2. समाज शास्त्र<br>3. भूगोल*<br>4. दर्शन शास्त्र*<br>5. शिक्षा शास्त्र*<br>6. रक्षा एवं सामरिक अध्ययन* | 1. गणित<br>2. रसायन विज्ञान<br>3. वनस्पति विज्ञान*<br>4. भौतिक विज्ञान* | 1. एम.कॉम.* |

* स्ववित्तपोषी योजना के अन्तर्गत संचालित

## 16. स्नातकोत्तर स्तर पर माइनर इलेक्टिव पेपर

विद्यार्थी को प्रथम वर्ष में अपने विषय के साथ-साथ एक माइनर इलेक्टिव पेपर का अध्ययन करना होगा । माइनर इलेक्टिव पेपर का चयन अन्य संकाय से करना होगा।

## 17. विद्यार्थियों हेतु नियम व निर्देश **(Rules and regulations for students)**

A. उपस्थिति (Attendance): प्रवेश के उपरान्त विद्यार्थी समय सारिणी के अनुसार अपनी कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने एवं छात्र वृत्ति प्राप्त करने हेतु कक्षा में 75% उपस्थिति अनिवार्य है।

B. परिचय पत्र (Identity Card): प्रवेश के उपरान्त विद्यार्थी अपना परिचय पत्र (Identity Card) प्राप्त करेंगे। परिचय पत्र अनुशासन मण्डल (Proctorial Board) के द्वारा बनाया जाता है। परिचय पत्र बनवाने हेतु सूचना पट्ट और/अथवा वेबसाइट पर सूचना दी जाती है। परिसर में अपनी पहचान हेतु पर विद्यार्थी अपना परिचय पत्र गले में धारण करेंगे। परिचय पत्र पूरे प्रोग्राम हेतु केवल एक बार ही प्राप्त हो सकेगा जिसे विद्यार्थी को पूरे प्रोग्राम अवधि में सुरक्षित रखना होगा। परिचय पत्र खो जाने या नष्ट हो जाने की स्थिति में अभ्यर्थी को द्वितीय प्रति हेतु मुख्य शास्ता (Chief Proctor) कार्यालय में निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करना होगा |

C. लाइब्रेरी कार्ड (Library Card): परिचय पत्र प्राप्त करने के उपरान्त विद्यार्थी लाइब्रेरी में जाकर अपना लाइब्रेरी कार्ड (Identity Card) भी बनवा लेंगे। लाइब्रेरी कार्ड बनने के बाद ही विद्यार्थी लाइब्रेरी से पुस्तक प्राप्त कर सकते हैं। पुस्तक लाइब्रेरी के नियमों के अनुसार दी जाती हैं ।

D. अनुशासन (Discipline): महाविद्यालय परिसर में अनुशासन व्यवस्था की निगरानी अनुशासन मण्डल (Proctorial Board) करती है। अनुशासन मण्डल में एक मुख्य शास्ता (Chief Proctor), एक अतिरिक्त मुख्य शास्ता (Additional Chief Proctor) एवं कई शास्ता (Proctor) होते हैं। अनुशासन मण्डल रैगिंग करने, महाविद्यालय परिसर के वातावरण को दूषित करने अथवा महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अन्य विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार करने का दोषी पाये जाने पर विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त कर सकती है और विधिक कार्यवाही भी कर सकती है।

## 18. परीक्षा व्यवस्था

A. परीक्षा व्यवस्था क्रेडिट प्रणाली पर आधारित है।

B. प्रत्येक प्रश्नपत्र (कोर्स) को एक निश्चित क्रेडिट दिया गया है। जब छात्र उस प्रश्नपत्र (कोर्स) की परीक्षा उत्तीर्ण करता है, तो वह उस निश्चित क्रेडिट को प्राप्त कर लेता है।

C. क्रेडिट प्राप्त करने के लिए परीक्षा देना आवश्यक है। परीक्षा के बिना क्रेडिट अपूर्ण होता है।

D. वर्तमान परीक्षा व्यवस्था में सभी प्रश्नपत्र 100 अंकों के हैं। परीक्षा में प्राप्त अंकों को निर्धारित ग्रेडिंग प्रणाली के अनुसार लेटरग्रेड एवं ग्रेड प्वाइंट में परिवर्तित कर दिया जाता है।

E. वोकेशनल कोर्स के 100 अंकों में से 60 अंकों की परीक्षा कॉलेज द्वारा सतत आंतरिक मूल्यांकन एवं 40 अंकों की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा बाह्य मूल्यांकन के आधार पर की जाती है।

F. अन्य सभी कोर्सेज के 100 अंकों में से 25 अंकों की परीक्षा कॉलेज द्वारा सतत आंतरिक मूल्यांकन एवं 75 अंकों की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा बाह्य मूल्यांकन के आधार पर की जाती है।

G. सभी विषयों की लिखित परीक्षा वर्णनात्मक (Descriptive) प्रकार की होती है।

H. परन्तु, वोकेशनल और कोकरिकुलर कोर्सेज की लिखित परीक्षा बहुविकल्पी प्रश्न (MCQ) आधारित होती है।

**Table 1. JNCU NEP-2020: Structure of UG Programme aligned with FYUP of UGC**

| Year | Semester | Subject 1 Own Faculty | Subject 2 Own Faculty | Subject 3 Any Faculty | Skill Enhancement Course (SEC) | Ability Enhancement Course (AEC) | *Research Project/ Dissertation/ Internship/ Field work/ Survey (R) | (Credits) Marks | (Credits) Marks Award |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Major | Major | Minor | Vocational | Co-curricular | | | Exit Options |
| 1 | I | Th-1(6) or Th-1(4)+Pr-1(2) Marks: 100 | Th-1(6) or Th-1(4)+Pr-1(2) Marks: 100 | Th-1(6) or Th-1(4)+Pr-1(2) Marks: 100 | SEC (3) Marks: 100 | AEC (2) Marks: 100 | - | (23) Marks: 500 | (40) Marks: 900 **Certificate** |
| | II | Th-1(6) or Th-1(4)+Pr-1(2) Marks: 100 | Th-1(6) or Th-1(4)+Pr-1(2) Marks: 100 | - | SEC (3) Marks: 100 | AEC (2) Marks: 100 | - | (17) Marks: 400 | Exit Option 1 |
| 2 | III | Th-1(6) or Th-1(4)+Pr-1(2) Marks: 100 | Th-1(6) or Th-1(4)+Pr-1(2) Marks: 100 | Th-1(6) or Th-1(4)+Pr-1(2) Marks: 100 | SEC (3) Marks: 100 | AEC (2) Marks: 100 | - | (23) Marks: 500 | (80) Marks: 900 **Diploma** |
| | IV | Th-1(6) or Th-1(4)+Pr-1(2) Marks: 100 | Th-1(6) or Th-1(4)+Pr-1(2) Marks: 100 | - | - | AEC (2) Marks: 100 | R (3) Marks: 100 | (17) Marks: 300 | Exit Option 2 |
| 3 | V | Th-2(5) or Th-2(4)+Pr-1(2) Marks: 200 | Th-2(5) or Th-2(4)+Pr-1(2) Marks: 200 | - | - | - | - | (20) Marks: 400 | (120) Marks: 700 **UG Degree** |
| | VI | Th-2(5) or Th-2(4)+Pr-1(2) Marks: 200 | Th-2(5) or Th-2(4)+Pr-1(2) Marks: 200 | - | - | - | - | (20) Marks: 400 | Exit Option 3 |
| 4 | VII | Th-4(5) or Th-4(4)+Pr-1(4) Marks: 400 | - | - | - | - | - | (20) Marks: 400 | (160) Marks: 800 **UG Degree (Honours)** |
| | VIII | Th-4(5) or Th-4(4)+Pr-1(4) Marks: 400 | - | - | - | - | - | (20) Marks: 400 | Exit Option 4 |

Th – Theory, Pr – Practical, (Credit), R – Research Project, *Marks not to be included in SGPC/CGPA,
































शचंद्र महाविद्यालय में सात दिवसीय स

यन एवं वादन) कार्यशाला का सम

अन्य रूपों पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। समापन समारोह में कार्यक्रम संयोजक प्रो. माला कुमारी ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य रहा है कि छात्र/छात्राओं को संगीत के विविध वाद्य यंत्रों को संचालित कर उन्हें रोजगार के अवसर भी प्रदान करना है, जहां एक ओर आधुनिक संगीत का बोलबाला बढ़ रहा है और सांस्कृतिक संगीत धीरे-धीरे पीछे होती जा रही है। ऐसे में सांस्कृतिक संगीत को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक महसूस हो रहा है। अपनी परंपरा और संस्कृति को बचाए रखने के लिए भी इस तरह के कार्यक्रमों का होना आवश्यक है।




























UP-0494
Chandra College
UP-0493
2024.10.23 16:58
CHANDAR BHUSHAN KUMAR OJHA
LT. R.P. SHUKLA